नया सबेरा
www.nayasabera.com

# सावधान! कहीं आपका टाटा नमक नकली तो नहीं, जौनपुर में 550 किलो नकली नमक जब्त



**जौनपुर।** इंसानियत के दुश्मनों ने अपना जेब भरने के लिए दूसरों की जान को दांव पर लगाने में जरा भी गुरेज नहीं कर रहे है। कुछ ऐसा ही मामला जलालपुर थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया है। यहां पर टाटा नमक की भारी खेप बरामद हुई है। इसके साथ ही सरसो का तेल पतंजली कच्ची घानी भी बरामद हुआ है। पुलिस ने 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष जलालपुर रामाश्रय राय के निर्देशन में वरिष्ठ उप निरीक्षक रामनेवास मय हमराह कर्मचारीगण के साथ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में मामूर थे। इस दौरान सूचना मिली कि नकली नमक और तेल बेची जा रही है। मनीष गुप्ता पुत्र कन्हैया गुप्ता पता कमरा नं. 07 शान्ति नगर दशवन्त चाल का जुबाडा थाना तुलीज नालासोपारा पालघर मुम्बई वर्तमान नियुक्ति पद  मेसर्स टाटा कन्ज्यूमर प्रोडक्टस लिमिटेड के साथ पुलिस ने अभियुक्तगण धीरेन्द्र कुमार पटेल पुत्र श्याम शंकर पटेल निवासी मेघपुर पूरेव थाना जलालपुर और कल्लू गुप्ता बेनी प्रसाद गुप्ता निवासी प्रधानपुर थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 11 बोरी नकली नमक प्रत्येक बोरी में 50 KG कुल 550 पैकेट, टाटा प्रिमियम टी 200 ग्राम का भरा हुआ 51 पैकेट नकली, एक लीटर सरसो का तेल पतंजली कच्ची घानी कुल 119 बोतल नकली बरामद किया गया।

Source: https://www.nayasabera.com/2024/10/jaunpurnews-550-nayasaveranetwork.html#google_vignette